हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, शनिवार 6 दिसंबर 2025



तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

आवेदनों का करें समय पर निराकरण





## खबर संक्षेप

### सशस्त्र सेना झण्डा दिवस का आयोजन आज

**रायगढ़।** कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी की अध्यक्षता में 7 दिसम्बर को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में सशस्त्र सेना झण्डा दिवस का आयोजन किया जाएगा। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी के सेवानिवृत्त कमाण्डर हरीशचन्द्र तिवारी ने रायगढ़ एवं सारंगढ़.बिलाईगढ़ जिले के भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों तथा आम लोगों को इस अवसर पर उपस्थित होने हेतु आग्रह किया है। बता दें कि सशस्त्र सेना झण्डा दिवस प्रति वर्ष 7 दिसम्बर को भारतीय सशस्त्र सेनाओं थल सेना, वायु सेना, नौसेना जो जवान सरहद व दूर.दराज क्षेत्रों में मातृ.भूमि की रक्षा करते हुए शहीद हो गए हैए उनके पुण्य स्मरण करने एवं उनके सम्मान में मनाया जाता है। सशस्त्र सेना झण्डा दिवस हमारे लिए सेवारत सैनिकों, भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके परिवारजनों के प्रति आदर व्यक्त करने के लिए एक अवसर है।

### जिपं सीईओ ने घरघोड़ा में की योजनाओं की समीक्षा

**रायगढ़।** जिला पंचायत सीईओ अभिजीत बबन पठारे की अध्यक्षता में शासन की विभिन्न जन कल्याणकारी एवं महत्वाकांक्षी योजनाओं की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण सहित सभी प्रमुख विभागों के शाखा प्रभारियों एवं पंचायत सचिवों ने भाग लिया। सीईओ श्री पठारे ने प्रत्येक योजना की वर्तमान प्रगति का बिंदुवार मूल्यांकन करते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप समय, गुणवत्तापूर्ण और पारदर्शी कार्य सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर निर्धारित समय.सीमा में पूर्ण किया जाए तथा किसी भी स्तर पर कार्य की गुणवत्ता से समझौता न किया जाए। जिला पंचायत सीईओ श्री पठारे ने कहा कि लक्ष्यों के अनुरूप बेहतर परिणाम तभी संभव हैं, जब फील्ड स्तर पर सतत मॉनिटरिंग और निरीक्षण सुनिश्चित हो। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि मैदानी भ्रमण बढ़ाएंए योजनाओं की वास्तविक प्रगति का आंकलन करें और उत्पन्न समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करें। बैठक में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, व्यक्तिगत शौचालय निर्माण, ग्राम स्वच्छता गतिविधियों तथा जन.जागरूकता अभियानों की प्रगति का भी विस्तृत आकलन किया गया।

### पूर्व में तहसीलदार और पटवारी की सांठगांठ से निजी तौर पर सात लोगों के नाम किया गया था दर्ज

# एसडीएम के आदेश से मचा हड़कंप, खसरा नंबर 3 की 2.46 एकड़ रिकार्ड में नजूल जमीन दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

डेढ़ साल से एसडीएम और तहसील कार्यालय का चक्कर काटने वाले केलो विहार शासकीय गृह निर्माण सहकारी समिति की आखिरकार जीत हुई है। एसडीएम ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनन के बाद गुरुवार को फैसला सुनाते हुए केलो विहार के खसरा नंबर 3 रकबा 2.46 एकड को सरकारी रिकार्ड में नजूल जमीन दर्ज करने का फैसला सुनाया है। एसडीएम महेश शर्मा के इस आदेश के बाद एक बारगी हड़कंप जैसी स्थिति निर्मित हो गई है। कारण यह जमीन चार करोड़ में बिक चुकी है। पूर्व में तहसीलदार और पटवारी की सांठगांठ से इस जमीन को निजी तौर पर आठ लोगों के नाम दर्ज कर दिया गया था। इसके बाद यह जमीन विक्री हो गई और जब नामांतरण के लिए तहसील कार्यालय में आवेदन लगा तो केलो विहार शासकीय गृह निर्माण सहकारी समिति द्वारा इस पर आपत्ति लगाई गई। इसके बाद डेढ़ साल तक मामले की सुनवाई चली। गुरुवार को एसडीएम श्री शर्मा ने इसका फैसला सुना दिया और सरकारी रिकार्ड में नजूल दर्ज करने कहा है। यह शहर का सबसे हाई प्रोफाइल मामला है। इस मामले में सबसे बड़ी गड़बड़ी तत्कालीन तहसीलदार और पटवारी ने मिलकर किया था। पूरी जानकारी होने के बाद भी पहले तो पटवारी ने प्रतिवेदन दे दिया और इसके आधार पर तहसीलदार ने आठ लोगों का नाम दर्ज करने का आदेश दे दिया। यह प्रकरण तीन साल के भीतर का ही है। ग्राम छोटे अंतरमुड़ा तह व जिला रायगढ़ में स्थित खसरा नंबर 3 रकबा 2.46 एकड़ जमीन 1950-51 में शासकीय नजूल भूमि के रुप में दर्ज था। इस जमीन को तत्कालीन मध्यप्रदेश शासन की ओर से 3 फरवरी 1996 को केलो विहार गृह निर्माण समिति रायगढ़ को आबंटित किया गया था। इसके बाद इस जमीन को लेकर बहादुर सिंह पिता स्व जगमोहन सिंह द्वारा एक व्यवहार वाद 2002 में दायर किया गया था। इस व्यवहारवाद का निर्णय 25 सितंबर 2023 को पारित किया गया। जिसमें बहादुर सिंह द्वारा प्रस्तुत वाद को निरस्त कर दिया गया। इसी आदेश के आधार पर तत्कालीन तहसीलदार ने बहादुर सिंह के नाम पर दर्ज करने का आदेश पारित कर दिया। साथ ही उनकी मौत होने के बाद उनके आठ उत्तराधिकारियों के नाम पर 13 अगस्त 2024 को फौती दर्ज करने का आदेश पारित किया गया। साथ ही इसके तत्काल बाद यह जमीन तीन करोड़ 70 लाख में विक्री हो गई। बिक्री के बाद नामांतरण के लिए आवेदन लगाने जब जानकारी मिली तो केलो विहार शासकीय गृह निर्माण सहकारी समिति की ओर से इसमें आपत्ति दर्ज की गई। तब से अब तक यह मामला एसडीएम कोर्ट से लेकर खरसिया एसडीएम कोर्ट और बिलासपुर राजस्व मंडल के बीच घुमता रहा। आखिरकार अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत अपील स्वीकार करते हुए ग्राम छोटे अंतरमुड़ा पटवारी हल्का नंबर 46 खसरा नंबर 3 रकबा 2.46 एकड़ जमीन के राजस्व अभिलेखों में पूर्ववत शासकीय नजूल भूमि दर्ज करने का आदेश पारित किया गया है। यह आदेश 4 दिसंबर को एसडीएम द्वारा पारित किया गया है।

**खास बात**

- पहले से ही यह है केलो विहार गृह निर्माण समिति को किया गया था आबंटित, अब एसडीएम ने सुनाया फैसला




### जिले में 19 दिनों में 3.24 लाख क्विंटल से अधिक धान की खरीदी

**रायगढ़।** धान खरीदी करीब 19 दिन पूरे हो गए हैं। 19 दिन में 3 लाख 24 हजार 834.80 क्विंटल धान खरीदी हो चुकी है। खरीदी प्रक्रिया में 2.891 सीमांत, 1,661 लघु और 1,486 दीर्घ किसान अब तक धान विक्री कर चुके है। खरीदी के बाद 6,295.71 लाख रुपये किसानों के खातों में ऑनलाइन माध्यम से हस्तांतरित किए जा चुके हैं। सहकारी संस्थाओं और बैंकों के नियमों के अंतर्गत धान खरीदी राशि में से 1,257.74 लाख रुपए की ऋण वसूली की गई है। ऋण समायोजन के बाद शेष राशि सीधे किसानों के खातों में भेजी जा रही है, जिससे वित्तीय लेनदेन पूर्णतः पारदर्शी बना हुआ है।जिले में अब तक 113.1564 हेक्टेयर भूमि क्षेत्र किसानों द्वारा समर्पित किया जा चुका है। इससे खरीदी प्रक्रिया की सटीकता और सुगमता में वृद्धि हुई है। धान की खरीदी, भौतिक सत्यापन, भुगतान, सुरक्षा व्यवस्था इन सभी पहलुओं पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। भुगतान की प्रगति की रियल टाइम मॉनिटरिंग भी की जा रही है, जिससे किसी भी प्रकार की देरी या शिकायत को तुरंत दूर किया जा सके।

## व्याख्याता पदोन्नत होकर बने प्राचार्य, स्कूलों में अब बच्चों को पढ़ाने शिक्षकों की हो गई कमी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले के 120 से अधिक व्याख्याता पदोन्नति के पश्चात प्राचार्य बन गए हैं, लेकिन हाई एवं हायर सेकेण्डरी स्कूलों में बच्चों को पढानें के लिए अब व्याख्याताओं का टोटा हो गया है।

ज्ञात हो कि स्कूल शिक्षा विभाग में लंबे समय के इंतजार के बाद व्याख्याताओं की पदोन्नति की गई, जिसमें कई स्कूलों के व्याख्याता पदोन्नत होकर अब प्राचार्य बन गए है। वही 6 माह पहले पदोन्नत प्राचार्यों को भी पोस्टिंग आर्डर मिल गया है। सभी प्राचार्यों ने पदभार भी ग्रहण कर लिया। इसी प्रक्रिया के अंतर्गत रायगढ जिलें में भी 100 से अधिक व्याख्याताओं को पदोन्नत कर प्राचार्य बनाया गया। सालों के इंतजार के बाद पदोन्नति मिलने से जहां नवपदस्थ प्राचार्यों में खुशियां हैं तो वहीं कई हाई और हायर सेकेण्डरी स्कूलों में गणित, विज्ञान, रसायन, अंग्रेजी के व्याख्याताओं के पद खाली हो गए है। स्कूलों में बच्चों को पढानें के लिए अब व्याख्याताओं की कमी हो गई है। ज्ञात है कि इस बार बोर्ड की परीक्षाएं भी 20 फरवरी से शुरू होने वाली हैं वहीं अगले सप्ताह से स्कूलों में छमाही की परीक्षाएं शुरू हो जाएंगी। ऐसे में व्याख्याताओं के नहीं होने से बच्चों की पढाई प्रभावित होगी।



### 5 ब्लॉकों के 120 से अधिक व्याख्याता हुए पदोन्नत

शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार रायगढ जिले के 5 ब्लॉक के लगभग 120 से अधिक व्याख्याता पदोन्नत होकर प्राचार्य बन गए हैं। रायगढ और पुसौर ब्लॉक के कुल 54 हाई और हायर सेंकेडरी स्कूल हैं, इनमें से अधिकांश स्कूल प्रभारी प्राचार्य के भरोसे संचालित हो रहे थे। इनमें से 13 स्कूलों में प्रभारी प्राचार्य थे , जबकि 25 स्कूलों में अन्य व्याख्याता पदोन्नति के बाद प्राचार्य बनेंगे। रायगढ जिले की बात करे तो यहां 15 से अधिक प्रभारी प्राचार्यों के भरोसे संचालित हो रहे थे। अब इन स्कूलों को प्राचार्य तो मिल गए लेकिन इनकी जगह व्याख्याताओं के पद खाली हो गए हैं।

### स्कूलों में सिलेबस अधूरा व्याख्याताओं की ड्यूटी बीएलओ में

प्राइमरी और मिडिल के शिक्षकों के अलावा बडी संख्या में व्याख्याताओं की ड्यूटी बीएलओं के रूप में लगाई गई है। एक ओर कई व्याख्याता पदोन्नति के पश्चात प्राचार्य बनकर रिलीव हो गए और दूसरी ओर कई व्याख्याताओं की ड्यूटी बीएलओं के रूप में लगा दी गई है। जिसकी वजह से स्कूलों में पढाई ठप्प हो गई है। स्कूलों में अब तक आधा सिलेबस नहीं हो पाया है, इस स्थिती में प्राचार्यों पर 10 वीं व 12वीं के रिजल्ट को बेहतर करनें का भी दबाव है तो वही स्कूलो में व्याख्याता नहीं होने पर प्राचार्य भी मजबूर हैं।

## 900 से अधिक संदिग्ध राशन कार्डधारी, कई लोगों के कार्ड होंगे निरस्त

**रायगढ़।** जिले में खाद्य विभाग द्वारा फर्जी और अपात्र राशन कार्डधारकों पर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। विभाग ने 1 लाख 50 हजार से भी अधिक संदिग्ध राशनकार्डों के सत्यापन अभियान चलाया है। जिसमें से अब तक 900 से अधिक राशन कार्ड संदिग्ध मिले हैं। भारत सरकार के निंदेश पर प्रदेश सहित जिले भर में संदिग्ध राशनकार्ड को लेकर जांच किया जा रहा है। इस प्रक्रिया के तहत ऐसे लोगों के कार्ड की जांच की जा रही है, जो 5 एकड से अधिक के भूमि धारक होनें के बाद भी गरीबी रेखा कार्ड का फायदा उठा रहें हैं। वहीं कई लोग ऐसे भी हैं जिनकी या तो मृत्यु हो चुकी है, और कई लोग जिला छोडकर बाहर चले गए हैं। ऐसे मामले में अब खाद्य विभाग द्वारा इन कार्डों को निरस्त करनें की तैयारी की जा रही है। इस अभियान के तहत पहले चरण में विभाग द्वारा 1 लाख 57हजार 515 कार्ड की जांच की गई, जिसमें से 44 हजार 564 कार्डधारकों पर कार्रवाई की गई वहीं 1 लाख 12 हजार 951 कार्डधारियों पर जांच लंबित हैं। खाद्य विभाग द्वारा अब राशनकार्ड की छंटनी आय, टैक्स और जमीन के आधार पर की जाएगी। जिन परिवारों की वार्षिक आय 6 लाख से अधिक है, जो आयकर जमा करते हैं या जिनके पास 5 एकड से अधिक कृषि भूमि है, उनके नाम राशनकार्ड से हटानें की कार्यवाही शुरू की जाएगी। विभाग के द्वारा 5 एकड से अधिक भूमि रखनें वाले कार्डधारकों की जांच में अब तक विभाग को 972 कार्डधारक ऐसे मिले जिनके पास 5 एकड या उससे अधिक की कृषि भूमि है।

> सरकार का लक्ष्य है वास्तविक गरीब और पात्र परिवारों तक सस्ते राशन की सुविधा पहुंचाना। इस लिए संदिग्ध राशन कार्ड की जांच की प्रक्रिया चल रही है। जिनके कार्ड संदिग्ध है उन पर कार्रवाई की जाएगी।
>
> **चितरंजन सिंह**,जिला खाद्य अधिकारी।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 445. नीला परमार पिता\पति स्व.श्री धीरज सिंह ठाकुर पता- ब्राम्हण पारा रायपुर, 446. पुष्पेन्द्र परगनिहा पिता\पति राम खिलावन पता- अशोक नगर गुढ़ियारी रायपुर, 447. राजेंद्र कुमार दंडसेना पिता\पति स्व. से. आर. दंडसेना पता- बोरियाखुर्द रायपुर, 448. निरोला योगी पिता\पति विजय कुमार मसीह पता- साईं कॉलोनी संतोषी नगर खमतराई, 449. भूमिका मानिकपुरी पिता\पति अमर दास मानिकपुरी पता- सद्दू सेक्ट-06 रायपुर, 450. सुनीता वर्मा पिता\पति श्री बिसौहा राम वर्मा पता- हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी दोंदेखुर्द, 451. संकल्प साहू पिता\पति श्री दया राम साहू पता- भाटागाँव पानी टंकी के पास रायपुर, 452. मेघा साहू पिता\पति भागवत प्रसाद साहू पता- H-16 पुलिस लाइन रायपुर, 453. यशोदा वर्मा पिता\पति सुन्दर लाल वर्मा पता- बरौद विधान सभा भवन के पास, 454. प्रवीण कुमार पिता\पति राजेंद्र कुमार पता- जुलुम टेकरी रायपुर, 455. तेजेश्वरी साहू पिता\पति दुर्वासा साहू पता- कुरुसकेरा राजिम, 456. रामचंद देवांगन पिता\पति स्व. शिव राम देवांगन पता-नगर पंचायत आमदी धमतरी, 457. येशु साहू पिता\पति जीवन लाल साहू पता- बजरंग चौक गोकुलनगर वार्ड धमतरी, 458. ठलेश्वर पिता\पति मस्त राम साहू पता-करेली बड़ी मगरलोड, 459. अनन्या नामदेव पिता\पति विरेन्द्र कुमार नामदेव पता- मेन रोड डोंगरगढ़, 460. ज्योति पात्रे पिता\पति स्व. दुतिया राम बघेल पता- लालबाग प्रभात नगर वार्ड न.२*, 461. गीता साहू पिता\पति स्व. देवलाल साहू पता-डोंगरगढ़, 462. चित्रांश चौहान पिता\पति हेमंत कुमार चौहान पता-बेमेतरा, 463. भाव्या नारंग पिता\पति प्रशांत नारंग पता-राजापारा कांकेर, 464. होमन सिंह नागवंशी पिता\पति स्व.मुरहा राम पता- डौंडी नगर बालोद, 465. वी.जोगाराव नायडू पिता\पति स्व. श्री गंगैय्या नायडू पता-सहारा टेंड हाउस जगदलपुर, 466. रोशनी देवांगन पिता\पति मोहन देवांगन पता-महासमुंद, 467. अन्नपूर्णा ठाकुर पिता\पति अजय पाल सिंह ठाकुर पता-ठाकुर पारा कवर्धा, 468. महेन्द्र कुमार साहू पिता\पति नकुल प्रसाद साहु पता-सुहेला, 469. संतोष कोर्राम पिता\पति गिरधारी कोराम पता-एस. पी. मरारपारा, 470. सुशीला शाह पिता\पति भुनेश्वर शाह पता- नंदनी वार्ड हाउसिंग बोर्ड छावनी, 471. आभा गुप्ता पिता\पति महावीर प्रसाद गुप्ता पता- आकाश नगर, 472. तोमन साहू पिता\पति कन्हैया साहू पता- न्यू पंचशील नगर नयापारा, 473. योगिता साहू पिता\पति भूपेन्द्र कुमार साहू पता- शीतला नगर दुर्ग, 474. प्रियांश निर्मलकर पिता\पति हेमंत निर्मलकर पता- लक्ष्मी नगर वार्ड न. भिलाई, 475. संजीविनी टंडन पिता\पति देवनारायण टंडन पता-दुर्ग, 476. एन. येलियाश पिता\पति एन. गाब्रियल पता- कैम्प-01 सुन्दर नगर वार्ड 32 भिलाई, 477. कु.नीलम बघेल पिता\पति अशोक कुमार बघेल पता-भिलाई-03, 478. संस्कार पिता\पति भूषण राउत पता-भिलाई -03, 479. किरण साहू पिता\पति दमेंद्र कुमार पता- आर्य नगर कोहका भिलाई, **बिलासपुर संस्करण –** 480. तनुषा पिता/पति गोपीचन्द पटेल पता- सूरदा देवरी मुंगेली ,तखतपुर , 481. नरेंद्र सिंघानिया पिता/पति स्व. लोरिक राम पता- तखतपुर, 482. कविता कारड़ा पिता/पति दयाराम लालवानी पता- तखतपुर, 483. नैना मलधानी पिता/पति कोमल मलधानी तखतपुर, 484. राजू कुमार देवांगन पिता/पति स्व. बुधराम देवांगन पता- तखतपुर, 485. ईश्वरी खांडेकर पिता/पति राजकुमार खांडेकर पता- टिकरपारा, 486. दिनेश राजपूत पता- तखतपुर, 487. अंशिका शर्मा पिता/पति जितेंद्र शर्मा पता- तखतपुर लोरमी, 488. मनीषा दास वैष्णव पिता/पति संजय दास वैष्णव पता- शांति चौक लोरमी, कोरिया जिला 1. आशीष मोदी ,पिता /पति - दिनेश मोदी पता- चरचा, 489. ओमप्रकाश सिंह पिता /पति रमेश सिंह पता- बैकुंठपुर, 490. सुहागिन देवी पिता/पति मोहन पता- वी. टी. सी. चरचा, 491. हर्ष कुमार सिंह पिता/पति सुनील सिंह पता- चरचा, 492. जसीना खातून पिता/पति स्व. मो. सलीम उद्दीन पता- बैकुठपुर, 493. महेश कुमार मिश्रा पिता/पति राम अवतार मिश्रा पता- खैरी बैकुठपुर, 494. कुमुद बाला श्रीवास्तव पिता/पति एॅम. के. सिन्हा पता- बरबसपुर, 495. श्रीमती सुनीता देवी पिता/पति राजकुमार तिवारी पता- वार्ड-7 चरचा कॉलोरी, 496. राजकुमार तिवारी पिता/पति स्व. पारस नाथ तिवारी पता- हनुमान मंदिर के सामने चरचा कॉलोरी, 497. मंजुलता गुप्ता पिता/पति रामकुमार गुप्ता पता- बैकुठपुर कोरिया, 498. रूपेश कुमार अग्रवाल पिता/पति कृष्णा प्रसाद अग्रवाल पता- अंबेडकर नगर वार्ड-6 चरचा, 499. निलेश कुमार पटवा पिता/पति संतनन्द पटवा पता- पटना, 500. अभिषेक कुमार साहू पिता/पति मनोज कुमार साहू पता- सागरपुर बैकुठपुर, 501. कृष्णा सिंह पिता /पति शंकर सिंह पता- स्कूल पारा बैकुठपुर , 502. मयंक गुप्ता पिता/पति - श्री दुर्गा प्रसाद गुप्ता पता- बैकुठपुर, **भोपाल संस्करण –** 503. संजय चौरसिया पिता\पति जवाहर लाल पता - बी-314 चिनार रिट्रीटअरेरा हिल्समैदा मिलभोपाल, 504. मेघा राणा पिता\पति स्व मोतीलाल राणा 5/228 रविशंकर नगरभोपाल, 505. मथुरा प्रजापति पिता\पति - श्याम नगर, 506. सुरेश कुमार यादव पिता\पति श्रीराम दुलारे यादव एफ-9 थर्ड फ्लोर 1250 अर्जुन नगर कॉलोनी, 507. आदेश नेमा पिता\पति रमेश पता- नेमा विदिशा, 508. कमलसिंह रघुवंशी पिता\पति हल्के सिंह रघुवंशी पता- गोदावरी ग्रीन्स विदिशा, 509. नरेश राज साहू पिता\पति -हीरालाल साहू पता- बालाजी आर्किड विदिशा, 510. अमोल विश्वकर्मा पिता\पति बालाराम विश्वकर्मा पता- विजय नगर विदिशा, **जबलपुर संस्करण –** 511. अर्पित पांडे पिता\पति भानु कुमार पांडे पता- कोतमा, 512. ईश्वर चौधरी पिता\पति मदन चौधरी वार्ड नंबर 8 मगरहा टोला कोतमा, 513. आकृति द्विवेदी पिता\पति विजय कुमार द्विवेदी पता- ग्राम बुढानपुर कोतमा, 514. प्रिया शर्मा पिता\पति संतोष कुमार शर्मा पता- पुरानी बस्ती कोतमा, 515. आकृति नामदेव पिता\पति ओमप्रकाश नामदेव पता- जय श्री वार्ड क्रमांक 8 जिला अनूपपुर, 516. संजना केवट पिता\पति संतोष केवट पता- वार्ड क्रमांक 5 कोतमा, 517. सानवी प्रजापति पिता\पति हरिहर प्रसाद प्रजापति वार्ड नंबर 9 विकास नगर कोतमा अनूपपुर, 518. अनुराग सोनी पिता\पति श्री महेंद्र सोनी वार्ड नंबर 2 गर्ल्स स्कूल में रोड कोतमा अनूपपुर।

नियम एवं शर्तें लागू* शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## सीएम ने अघोर गुरुपीठ में गुरु दर्शन कर लिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सीएम विष्णुदेव साय शुक्रवार को बनोरा स्थित अघोर गुरुपीठ में गुरु दर्शन के लिए पहुंचे थे। उन्होंने गुरुपीठ आश्रम के उपासना स्थल पर अघोरेश्वर अवधूत भगवान राम जी की प्रतिमा के दर्शन कर प्रदेश की सुखए समृद्धि और खुशहाली की कामना की। उन्होंने आश्रम में अघोरेश्वर अवधूत भगवान राम जी के प्रिय शिष्य प्रियदर्शी भगवान राम के दर्शन भी किए और मार्गदर्शन प्राप्त किया। सीएम श्री साय ने वर डॉ.कुमार विक्रम साहू और वधू डॉ.हेम पुष्पा साहू को नव दाम्पत्य जीवन में प्रवेश करने पर आशीर्वाद प्रदान किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना भी की।



### केन्द्रों में नकल रोकने लगाए गए हैं सीसीटीवी कैमरे व जैमर

## अमीन पटवारी की परीक्षा कल, बनाए गए 57 सेंटर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर की ओर से आयोजित जल संसाधन विभाग की अमीन पटवारी भर्ती परीक्षा कल 7 दिसंबर को आयोजित की जाएगी। परीक्षा सुबह 12 बजे से दोपहर 2:15 तक आयोजित की जाएगी। रायगढ जिले में परीक्षा के लिए कुल 57 केन्द्र बनाए गए हैं, जिसमें लगभग 16091 अभ्यर्थी शामिल होंगे । व्यांपम के द्वारा इस परीक्षा के लिए एक सप्ताह पूर्व ही एडमिट कार्ड जारी कर दी गई थी। जिसके अनुसार परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र में 2 घंटा पूर्व पहुंचना अनिवार्य होगा । ताकि प्रवेश के पूर्व सभी अभ्यर्थियों का अनिवार्य रूप से फ्रिस्किंग समय पर किया जा सके। परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार परीक्षा शुरू होने के 30 मिनट पहले बंद कर दिया जाएगा। इसके लिए परीक्षार्थी समय का विशेष ध्यान रखेंगे। इस परीक्षा के लिए कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के द्वारा सभी केन्द्रों की सतत निगरानी हेतु ऑब्जर्वर की नियुक्ति की गई है। सभी ऑब्जर्वर को 7 दिसंबर को ही सुबह 7 बजे से गोपनीय सामाग्रियों का वितरण किया जाएगा ।



### आधी बांह वाले कपड़े पहनकर परीक्षा में हो शामिल

परीक्षा में शामिल होने के लिए परीक्षार्थियों को हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनकर परीक्षा में शामिल हो (काले, गहरे नीले, गहरे हरे, जामुनी, मैरून, बैगनी व गहरे चॉकलेटी रंग का कपड़ा पहनना वर्जित होगा)। केवल साधारण स्वेटर (बिना पॉकेट) की अनुमति है। सुरक्षा जांच के समय स्वेटर को उतारकर सुरक्षा कर्मी से जांच कराना होगा (स्वेटर हेतु हल्के रंग एवं आधे बांह का बंधन नहीं है) तथा फुटवियर के रूप में चप्पल पहनना अनिवार्य होगा। कान में किसी भी प्रकार का आभूषण वर्जित है। किसी भी प्रकार की गडबडी को रोकने के लिए सभी परीक्षा केन्द्रों के अंदर सीसीटीवी कैमरा, जैमर लगा है।

## खबर संक्षेप

### वार्ड क्रमांक 43 में दुकान संचालन के लिए 15 तक आवेदन

**रायगढ़।** छग सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत नगर निगम क्षेत्र रायगढ़ अंतर्गत वार्ड क्रमांक 43 बरमुड़ा के शासकीय उचित मूल्य दुकान के नवीन संचालन हेतु 15 दिसम्बर तक आवेदन मंगाए गए है। पूर्व में वार्ड क्रमांक 45 भगवानपुर हेतु आवेदन मंगाए गए थेए जिसमें संशोधन किया गया है। उक्त आवेदन अब वार्ड क्रमांक 43 बरमुड़ा के लिए मंगाए गए है।

### क्षतिग्रस्त बोराई पुल निर्माण को लेकर लिखा पाती

**खरसिया।** खरसिया के विधायक प्रतिनिधि सुकदेव डनसेना ने राष्ट्रीय राजमार्ग केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखा है। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 49 के क्षतिग्रस्त पुल को निर्माण कराने का अनुरोध किया है। पत्र में उन्होंने लिखा है कि नेशनल हाईवे सड़क क्रमांक 49 निर्माण वर्ष 2021-22 में पुल भाटा गांव मोहल्ला के पास बोराई नाला स्थित पुलिया का निर्माण किया गया था, जो तहसील खरसिया जिला रायगढ़ छत्तीसगढ़ के अंतर्गत स्थित है।यह पुल ठीक कुछ माह पूर्व क्षतिग्रस्त हो गया है जिसे बनाने एवं सुधारने के लिए आवेदन दिए 6 महीना से अधिक हो गया है किन्तु आज पर्यन्त तक पुल का निर्माण जो क्षतिग्रस्त है उसे नहीं सुधारा गया है।

### आधा दर्जन गौ वंश से भरे वाहन जब्त

**राउरकेला।** कुतरा पुलिस के द्वारा गौ वंश की तस्करी करते हुए एक बोलेरो को जब्त किया गया। उसमें आधा दर्जन गौ वंश लदे थे। इस मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार किया गया है जबकि अन्य लोग फरार हो गए। पुलिस मामला दर्ज कर इसकी जांच कर रही है। खतकुल बहाल से गौ तस्करी होती रही थी पर पिछले कुछ महीने से पुलिस की ओर से सख्ती बरतने के साथ ही आरोपितों को पकड़ा जा रहा है एवं कार्रवाई की जा रही है। अवैध तरीके से गौ वंश को लेकर जा रहे वाहन को पुलिस के द्वारा किरिंगसेरा के पास पकड़ा गया। वाहन चालक के पास किसी प्रकार के दस्तावेज नहीं थे एवं वह संतोषजनक जवाब भी नहीं दे पाया। इसके बाद पुलिस के द्वारा आरोपित को गिरफ्तार करने के साथ ही गौ वंश को भी जब्त किया गया है।

### अवैध फ्लाई ऐश डंपिंग पर पुलिस की कार्रवाई, 12 हाइवा जब्त



**सुंदरगढ़।** जिले में अवैध रूप से फ्लाई ऐश के परिवहन और डंपिंग की लगातार शिकायतों के बाद कुतरा पुलिस ने बड़े स्तर पर कार्रवाई की। झारसुगुड़ा के विभिन्न कारखानों से आने वाली फ्लाई ऐश को सुंदरगढ़ जिले के कुछ ब्लॉकों में सड़कए धान खेतए नदी किनारे और जंगल क्षेत्रों में डंप किए जाने की जानकारी मिलने पर पुलिस ने रांची रोड चौराहे पर चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान 12 हाईवा गाड़ियों को रोककर जांच की गई। पुलिस के अनुसार प्रत्येक वाहन पर अवैध परिवहन और ओवरलोडिंग के आरोप में 50 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। हालांकि अब तक किसी भी वाहन मालिक ने जुर्माना भरकर गाड़ियाँ वापस लेने के लिए थाने से संपर्क नहीं किया, जिससे सभी 12 गाड़ियाँ थाने परिसर में खड़ी हैं।

### मालवाहक वाहनों में अवैध यात्री परिवहन पर कार्रवाई

**राउरकेला।** शहर में प्रतिदिन बड़ी संख्या में दिहाड़ी मजदूर उदीतनगर, मालगोदाम, बिश्रा और सारना चौक से अपने कार्यस्थलों तक पहुँचने के लिए बस एवं यात्री ऑटो की जगह मालवाहक ऑटो का उपयोग कर रहे हैं। कम किराया होने के कारण श्रमिक बड़ी संख्या में इन वाहनों में यात्रा कर रहे हैंए जबकि यह पूरी तरह अवैध एवं जानलेवा है। तीन.चक्के वाले मालवाहक वाहनों के खुले डाले में श्रमिकों को लादकर ले जाया जा रहा है। जिन वाहनों का उपयोग सीमेंट बैगए सब्जी एवं अन्य सामान दुलाई के लिए निर्धारित है, उन्हीं का उपयोग यात्रियों को ढोने के लिए किया जा रहा है। शादी के मौसम में कुछ कैटरिंग कर्मियों द्वारा भी इस तरह की अवैध परिवहन गतिविधि की जानकारी मिली है। इस अवैध प्रथा के कारण शहर एवं आसपास लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैंए जिसमें कई लोग घायल एवं मृत हो चुके हैं। हाल ही में नगरपालिका चौक से बिश्रा की ओर जा रहे एक मालवाहक ऑटो के पलटने से 4 मजदूर गंभीर रूप से घायल हुए। इसी प्रकार कुलुंगा क्षेत्र में भी एक ऐसी ही दुर्घटना से कई श्रमिक घायल हुए। राउरकेला के क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्री विभाभंजन सामंतसिंहराय ने बताया कि मालवाहक गाड़ियों में यात्री ढोने की शिकायतों के बाद एन्फोर्समेंट अभियान को और सख्त किया गया है। अप्रैल 2025 से अब तक 118 वाहनों पर चालान किया गया। प्रत्येक वाहन पर नियम उल्लंघन के तहत 5 हजार तक का जुर्माना लगाया गया। सिर्फ नवंबर माह में ही 50 वाहनों से जुर्माना वसूला गया।

**अभ्यर्थियों को 2 घंटे पहले पहुंचना होगा केंद्र** | **हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनकर परीक्षा में होना होगा उपस्थित**

# जल संसाधन विभाग की अमीन भर्ती परीक्षा कल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- आधे घंटे पहले परीक्षा केन्द्र का गेट हो जाएगा बंद
- जशपुर जिले के 12 परीक्षा केंद्रों में 4717

व्यापम द्वारा जल संसाधन विभाग अंतर्गत अमीन भर्ती परीक्षा का आयोजन 7 दिसम्बर को राज्य के 16 जिलों में किया जा रहा है। इस परीक्षा में लगभग 2 लाख 30 हजार अभ्यर्थी शामिल होंगे। यद्यपि परीक्षा का आयोजन 16 जिलों तक सीमित है, किन्तु इसमें राज्य के सभी 33 जिलों के अभ्यर्थी सम्मिलित हो रहे हैं। जशपुर जिले के 12 निर्धारित परीक्षा केंद्रों में 4717 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। अभ्यर्थियों की सुविधा एवं परीक्षा संचालन की सुचारु व्यवस्था के लिए व्यापम द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए है। परीक्षा के लिए जारी निर्देशों के अनुसार अभ्यर्थियों को परीक्षा से एक दिन पूर्व अपने आवंटित परीक्षा केंद्र का अवलोकन अवश्य कर लेना चाहिए, ताकि परीक्षा दिवस पर किसी प्रकार की असुविधा न हो।

अभ्यर्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने से कम से कम दो घंटे पूर्व परीक्षा केंद्र में उपस्थित होना अनिवार्य किया गया है, जिससे उनकी सुरक्षा जांच (फ्रिस्किंग) एवं फोटोयुक्त मूल पहचान-पत्र से सत्यापन में कोई बाधा न आए। परीक्षा प्रारंभ होने के तीस मिनट पूर्व परीक्षा केंद्र का मुख्य द्वार बंद कर दिया जाएगा, अतः अभ्यर्थियों को यह ध्यान रखना होगा कि परीक्षा प्रातः 12 बजे आरंभ होने के कारण केंद्र का मुख्य द्वार प्रातः 11:30 बजे बंद हो जाएगा। वस्त्र संबंधी निर्देशों के अनुसार अभ्यर्थियों को हल्के रंग के आधी बाँह वाले कपड़े पहनकर परीक्षा में उपस्थित होना है। काले, गहरे नीले, गहरे हरे, जामुनी, मैरून, बैंगनी अथवा गहरे चॉकलेटी रंग के वस्त्र पहनना वर्जित रहेगा। केवल साधारण बिना पॉकेट वाला स्वेटर पहनने की अनुमति होगी, जिसे सुरक्षा जांच के दौरान उतारकर जांच करवानी होगी। धार्मिक अथवा सांस्कृतिक पोशाक धारण करने वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र में सामान्य समय से अधिक पहले पहुंचना होगा, क्योंकि उन्हें अतिरिक्त सुरक्षा जांच से गुजरने के बाद ही परीक्षा में प्रवेश दिया जाएगा। परीक्षा केंद्र में अभ्यर्थियों के लिए फुटवियर के रूप में केवल चप्पल पहनने की अनुमति होगी, जबकि कान में किसी भी प्रकार के आभूषण पहनना पूर्णतः प्रतिबंधित है। परीक्षा कक्ष में संचार उपकरण, किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक घड़ी, पर्स, पाउच, स्कार्फ, बेल्ट, टोपी आदि ले जाना भी पूरी तरह से वर्जित रहेगा। परीक्षा के दौरान किसी भी अनुचित साधन का प्रयोग पाए जाने पर संबंधित अभ्यर्थी के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी तथा उनकी अभ्यर्थिता समाप्त कर दी जाएगी। अभ्यर्थियों को केवल काले या नीले बॉल-पॉइंट पेन ही साथ लाने की अनुमति होगी।

**दो ट्रक व एक पिकअप जब्त, कीमत 5 लाख से अधिक**

# जशपुर पुलिस ने फिर पकड़ा 238 क्विंटल अवैध धान







हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- लगातार पकड़ से कोचियों में हड़कंप

सरहदी राज्यों से हो रही अवैध धान तस्करी पर जशपुर पुलिस ने एक और बड़ी कार्यवाही को अंजाम दिया है। गुरुवार देर रात तक चली कार्रवाई में पुलिस ने दो ट्रकों और एक पिकअप वाहन से कुल 238 क्विंटल, 520 बोरी धान बरामद किया है। बरामद धान की बाजार कीमत लगभग 5 लाख 1हजार 4 सौ रु. आंकी गई है। पिछले कुछ दिनों में पुलिस द्वारा 800 क्विंटल से अधिक अवैध धान पकड़े जाने के बाद अब यह ताजा कार्रवाई कोचियों के लिए करारा झटका मानी जा रही है।

मुखबिर की सूचना पर सिटी कोतवाली पुलिस ने रात में पेट्रोलिंग के दौरान बरटोली मार्ग से एक संदिग्ध ट्रक जेएच 07- एल-4320 को रोका। ड्राइवर सुखदेव चौहान उम्र 35 वर्ष, निवासी जोरातराई, कुनकुरी धान को बरटोली से कुनकुरी ले जाने की बात तो कहता रहा, परंतु कोई वैध दस्तावेज पेश नहीं कर सका। पुलिस ने तुरंत ट्रक और धान दोनों जप्त कर लिए।

### कुनकुरी पुलिस ने किया 100 क्विंटल अवैध धान बरामद

इसी दौरान कुनकुरी थाना पुलिस ने भी एक दूसरा संदिग्ध ट्रक सीजी 14 एमआर-6997 पकड़ा। ट्रक में 250 बोरी ,100 क्विंटल धान मिला। ड्राइवर जमीर अंसारी उम्र 21 वर्ष, निवासी लोहरदगा झारखंड, धान को जशपुर से लाने की बात तो कर रहा था, लेकिन पुलिस को संदेह है कि धान झारखंड राज्य से लाया जा रहा था। पूछताछ में यह चालक भी कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। दोनों ट्रकों से बरामद कुल 450 बोरी धान जिला प्रशासन को आगे की कार्रवाई हेतु सौंप दिया गया है।

### ओडिशा से लाया जा रहा था 38 क्विंटल धान

चौकी कोल्हेनझरिया पुलिस ने उड़ीसा की सीमा से ग्रामीण रास्तों का उपयोग कर छत्तीसगढ़ में प्रवेश कर रही एक पिकअप सीजी 13-एएफ-1379 को पकड़ा।वाहन में 70 बोरी, 38 क्विंटल धान लदा हुआ था।यह वाहन भी बिना किसी दस्तावेज के धान परिवहन कर रहा था।इसे भी जब्त कर धान सहित जिला प्रशासन को सौंप दिया गया।

### पुलिस की सतर्कता से तस्करों में मचा हड़कंप

एक ही दिन में जशपुर पुलिस ने दो ट्रकों और एक पिकअप से कुल 520 बोरी में 238 क्विंटल धान जब्त कर बड़ी सफलता हासिल की है। जिससे धान के कोच्चियोंवम तस्करों में हड़कंप मच है।

### कार्रवाई लगातार जारी रहेगी

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह ने बताया कि जशपुर पुलिस दीगर राज्यों से होने वाली अवैध धान तस्करी पर पूरी तरह सजग है। उन्होंने कहा कि पुलिस की टीमों ने जशपुर, कुनकुरी और कोल्हेनझरिया क्षेत्रों में सक्रियता बढ़ाई है। अवैध धान ढोने वाले वाहनों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# शराब दुकान के अवैध अहाते खुलने से लोगों को हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

- ग्रामीण क्षेत्रों में बिक रही अवैध शराब, आबकारी विभाग पड़ा सुस्त



रायगढ़ रोड़ में सरकारी शराब दुकान आने के बाद अब स्थानीय नागरिकों की परेशानी काफी बढ़ गयी है। दिन भर शराब दुकान के आस-पास शराबियों की लगने वाली भीड़ के कारण मोहल्ले की महिलाओं को घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। उसके अलावा शराब दुकान के जगह-जगह खुले अहाते से भी स्थानीय नागरिक परेशान हो रहे हैं।

रायगढ़ रोड में रहने वाले पी. के. अग्रवाल ने बताया कि शराब दुकान खुलने से पूर्व इस मार्ग का वातावरण काफी खुशनुमा हुआ करता था। शहर के लोग सुबह शाम टहलने के लिए इस मार्ग का चयन करते थे। इस मार्ग में आगे जाकर पर्यावरण को सरंक्षित करता नंदनझरिया का उद्यान भी स्थित है, जिसके कारण लोग अपनी सेहत बनाने के साथ साथ समय बिताने के लिए रायगढ रोड का चयन करते थे, परंतु जब से सरकारी शराब दुकान इस मार्ग मे खुली है, तब से शहर के अलावा मोहल्ले के लोगों का इस मार्ग में आना जाना मुश्किल हो गया है। संतोषी मंदिर के पास से घाट तक तक 20 से भी अधिक शराब दुकान के अहाते खुल गये है, जिसमे हर समय मांस मदिरा का सेवन के साथ शराबियों की नोकझोक आम बात हो चुकी है। मोहल्ले के लोग आहते खुलने के कारण काफी परेशान है। लेकिन इस ओर प्रशासन का कोई ध्यान नही है

स्थानीय नागरिक अंकुर गोयल ने भी रायगढ़ रोड के दुषित होते वातावरण पर चिंता जाहिर की है। उनका कहना था कि शराब दुकान के खुलने के कारण जहां इस मार्ग का वातावरण पुरी तरह खराब हो चुका है वहीं हर सप्ताह यहां शराबियों की वाहन से किसी न किसी बेकसुर को हाथ पांव तुड़वाने पड़ रहे है। उन्होंने बताया कि शराब का सेवन करने के बाद युवक बेहद तेज गति से वाहन चलाते है, अनेक बार उनका नियंत्रण अपनी वाहन से हट जाता है, जिसके बाद वे राह चलते लोगों को दुर्घटनाग्रसित करते है। उन्होंने बताया कि पिछले छह महीने के अंतराल मे बीस से भी अधिक दुर्घटनाएं घटित हो चुकी है, जिसका खामियाजा मोहल्ले के नागरिक उठा रहे है।

### बिक रही अवैध शराब

पत्थलगांव नगर के अंदरूनी क्षेत्र के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में शराब घर-घर अवैध रूप से बेची जा रही है जिसको लेकर आबकारी विभाग के कर्मचारी अधिकारी के द्वारा इक्का दुक्का कार्रवाई कर खाना पूर्ति करते नजर आते हैं वहीं वर्षों से अवैध शराब का काम करने वाले लोग बड़े मजे से अवैध शराब बेच रहे हैं ।ग्रामीण क्षेत्र के सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार आबकारी विभाग के कई सालों से पदस्थ कुछ अधिकारी कर्मचारी से अवैध शराब विक्रेताओं के मधुर संबंध है जिसके कारण कुछ अवैध शराब को पकड़कर कार्यवाही कर खाना पूर्ति की जाती है।

### की जाएगी कार्रवाई

जशपुर आबकारी अधिकारी महिमा से बात की गई तो उन्होंने कहा कि अवैध आहाता पर जल्द ही कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने क्षेत्र में बिक रही अवैध शराब पर लगाम लगाने की बात कही गई।

## गुणवत्ताविहीन सड़कों को उखाड़कर दोबारा निर्माण कर रहा ठेकेदार



**पुसौर।** पुसौर के मुख्य मार्ग को बने कुछ ही महीने हुए थे, कि इसमें भारी वाहनों के आवागमन से कई जगह धंसने लगा। गुणवत्ताविहीन सड़क निर्माण की शिकायत लोगों ने वित्त मंत्री ओपी चौधरी से की गई थी। वित्त मंत्री ने उखाडकर दोबारा बनाने की हिदायत दी। इसके बाद सड़क उखाड़कर दोबारा निर्माण किया जा रहा है। बहरहाल पुसौर के मुख्य हिस्से में रोड बनाए जा रहे हैं जिसमें निर्माण ऐजेंसी द्वारा पहले लगाए गए डामर उखाड रहा है। निर्माण एजेंसी की लापरवाही से दूसरी बार उसी सड़क के लिए दुर्घटनाओं व असुविधाओं का सामना कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि बाजार चौक, गायत्री मंदिर चौक, ग्राम्यभारती स्कूल के पास, बस स्टैण्ड, छींच चौक, जनपद कार्यालय के सामने तथा बोरोडिपा चोक में दो दो गतिरोधक की आवश्यकता है। इन चौराहों में आए दिन दुर्घटनाएं होती है। ऐसे में यहां 200 गज की दूरी पर दो गतिरोधक बनाने की मांग की गई है। बोरोडिपा से बाजार चौक तक खोदे गए रोड के बगल में स्ट्रीट लाइट नहीं है ऐसे में मद्धिम प्रकाश वाले वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं।

## अनैतिक व्यापार रोकथाम समिति का पुनर्गठन

**रायगढ़।** जिले में महिला उत्पीड़न की घटनाओं की रोकथामए पीड़ति महिलाओं को समयबद्ध सहायता और मार्गदर्शन उपलब्ध कराने के उद्धेश्य से जिला प्रशासन ने जिला स्तरीय महिला उत्पीड़न निवारण एवं अनैतिक व्यापार रोकथाम समिति का पुनर्गठन किया है। यह पुनर्गठन छत्तीसगढ़ शासन महिला एवं बाल विकास विभाग के निर्देशानुसार तथा कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में किया गया है। नई समिति में जिले के प्रमुख प्रशासनिक विभागों, कानून विशेषज्ञों, सामाजिक क्षेत्र के कार्यकर्ताओं तथा स्वैच्छिक संगठनों के प्रतिनिधियों को शामिल किया गया है ताकि महिला.संबंधी संवेदनशील मुद्दों पर समन्वित और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। गठित समिति में जिला पुलिस अधीक्षकए रायगढ़ को अध्यक्ष बनाया गया है। इसी तरह समिति में जिला पंचायत रायगढ़ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, सहायक आयुक्त जिला संयोजक, अनुसूचित जाति, जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग तथा उप संचालक, पंचायत एवं समाज सेवा रायगढ़ को सदस्य बनाया गया है। समिति में जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी सदस्य सचिव होंगे। समिति में विशेषज्ञों और सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों को भी शामिल किया गया है, जिससे निर्णय प्रक्रिया अधिक संवेदनशील और व्यावहारिक बन सके। इनमें डॉ. पूजा अग्रवाल महिला चिकित्सक, श्रीमती रितू सिंह.वकील, श्रीमती शोभा शर्मा, महिला शक्ति स्व.सहायता समूह, रियापारा श्रीमती श्यामा उरांव ओपी जिंदल समाज कल्याण समिति, श्रीमती रोहिणी चंद्रा, नवापारा छाल धरमजयगढ़ एवं श्रीमती सुखदाई चौहान, ग्राम कुसमुरा पो कोतरा को सदस्य बनाया गया है।

## जमीन विवाद पर हुई संयुक्त सुनवाई दोनों पक्षों की सुनी दलीलें



**राउरकेला।** लाठीकटा ब्लॉक के सुईडीह पंचायत अंतर्गत असुरछपाल मौजा में एनएच किनारे करोड़ों की कथित भू.धांधली को लेकर उठे विवाद और सीएम व राजस्व मंत्री के हस्तक्षेप पर शुक्रवार की सुबह उदित नगर सब.कलेक्टर कार्यालय, पानपोष में संयुक्त सुनवाई आयोजित की गई। यह सुनवाई मुख्यमंत्री मोहन मांझी के राउरकेला दौरे के दौरान 14 नवंबर को सुमित्रा पुरन एवं ग्रामीणों द्वारा सीएम ग्रीवांस सेल में दायर शिकायत के आधार पर तय की गई थी। ग्रीवांस सेल की पहल पर सब.कलेक्टर कार्यालय ने 28 नवंबर को सुनवाई की तिथि जारी की थी। सब.कलेक्टर विजय नायक की अध्यक्षता में हुई सुनवाई के दौरान शिकायतकर्ता सुमित्रा पुरन, पदमा भूमिजए, अजय मुंडारी, श्याम सुंदर मरांडी, सनातन पूरन, अभिराम पूरन, आशवरन पूरन, रेव अभिजीत पोल, वनवासी पूरन, अश्विनी पूरन, बेरोनिका टोपनो, जम्बू ओराम, सरपंच सकारी ओराम, संग्राम पटनायक, दीनबंधु पसायत सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे। उन्होंने आरोप दोहराते हुए बताया कि एनएच किनारे स्थित सुमित्रा पुरन की 3 एकड़ 11 डिसीमल पैतृक भूमि को कथित तौर पर जालसाजी कर किसी अन्य व्यक्ति के नाम पर विसिकेशन सा का दखल दिखाते हुए बेचा गया और जतिन नायक के नाम पर फर्जी पट्टा तैयार किया गया।

## एसी के कॉपर पाइप चोरी करते पकड़ा गया युवक



**राउरकेला।** प्लांट साइट थाना क्षेत्र के मेन रोड स्थित डीलक्स गली के सामने गुरूवार की शाम करीब साढ़े सात बजे चोरी के संदेह में एक युवक को स्थानीय लोगों ने पकड़ लिया और बिजली ऑफिस के पास खंभे से बांधकर पुलिस के हवाले किया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पकड़ा गया युवक हाल ही में घरों और दुकानों के एसी की कॉपर पाइप कटिंग की बढ़ती वारदातों में शामिल हो सकता है। क्षेत्र में कई दिनों से लगातार कॉपर पाइप चोरी की घटनाओं ने लोगों को परेशान किया हुआ थाए जिसके कारण संदिग्ध गतिविधि दिखाई देने पर भीड़ ने युवक को घेर लिया। प्लांट साइट थाना पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को भीड़ के चंगुल से मुक्त कर हिरासत में लिया। युवक से उसके साथियों और चोरी की घटनाओं में उसकी भूमिका के बारे में पूछताछ की जा रही है। प्राथमिक जांच में युवक के पास से कोई आपत्तिजनक वस्तु बरामद नहीं हुई है, लेकिन पुलिस संभावित गिरोह का पर्दाफाश करने के लिए गंभीरता से जांच कर रही है। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि युवक दुकान की छत पर चढ़कर एसी का आउटटर केबल काटने का प्रयास कर रहा थाए तभी उसे पकड़ लिया गया। पुलिस ने बताया कि क्षेत्र में पहले भी तांबा केबल चोरी की वारदातें हो चुकी हैंए और युवक के पकड़ाए जाने के बाद इन मामलों में उसकी संलिप्तता सामने आई है।

**जशपुर जिले में शतरंज प्रतियोगिता प्रारंभ**

# पहले चरण में 189 विद्यालयों के 3150 विद्यार्थी हुए शामिल



**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के तहत कलेक्टर रोहित व्यास और सीईओ अभिषेक कुमार के निर्देश पर विद्यार्थियों की बौद्धिक क्षमता बढ़ाने, खेल भावनाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से जिले के हाई और हायर सेकंडरी विद्यालयों में दो दिवसीय शतरंज प्रतियोगिता आयोजित हुई। शतरंज के खेल को बढ़ावा देने के लिए कलेक्टर रोहित व्यास के द्वारा प्रारंभ की गई चेकमेट एट जशपुर कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में यह प्रतियोगिता आयोजित हो रही है।

### 10 दिसंबर को पत्थलगांव में प्रतियोगिता होगी आयोजित

पत्थलगांव एसडीएम ऋतुराज सिंह बिसेन जिला स्तरीय प्रतियोगिता पथलगाँव के आयोजन समिति के अध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं। इनके मार्गदर्शन में 10 दिसंबर को पत्थलगांव में भव्य रूप से जिला स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित होनी है।

### जिले की सभी शासकीय, अर्धशासकीय एवं निजी स्कूलों में आयोजित

जशपुर एसडीएम विश्वासराव मस्के जिले के आयोजन समिति के अध्यक्ष के मार्गदर्शन में चल रही यह प्रतियोगिता सभी शासकीय, अशासकीय एवं अनुदान प्राप्त हाई तथा हायर सेकेंडरी विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए आयोजित हो रही है। प्रतियोगिता तीन चरणों में विद्यालय स्तर, विकासखंड स्तर और जिला स्तर पर आयोजित होनी है।

### जिले के189 स्कूलों के 3150 विद्यार्थी हो रहे सम्मिलित

विद्यालय स्तर पर 4 दिसंबर से प्रारंभ हुई प्रतियोगिता में दो दिनों में 189 विद्यालयों के 3150 विद्यार्थी सम्मिलित हुए। इन नॉकआउट प्रतियोगिताओं का फाइनल मैच सभी विद्यालयों में आज खेला गया। विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों को विद्यालय में पुरस्कृत भी किया जाएगा। अगले चरण में विद्यार्थी विकासखंड स्तर पर मुकाबला करेंगे, विकासखंड स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता 6 दिसंबर से आयोजित होगी।विकासखंड स्तर पर विजेता, उपविजेता और क्वार्टर फाइनल खेलने वाले विद्यार्थी 10 दिसंबर को जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

**न्यायालय तहसीलदार सरिया, जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र. बी-121 / वर्ष 2024-25
ग्राम कोर्रा तहसील सरिया
जिला-सारंगढ़ बिलाईगढ़

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक विजय सिंह ठाकुर पिता स्व. अंगद सिंह निवासी कोर्रा तहसील सरिया जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ के द्वारा आवेदन पेश कर आवेदक अपने पुत्री अंकिता सिंह के लिए केन्द्र सरकार के अंतर्गत लोक पदों एवं सेवाओं में नियुक्ति एवं शैक्षाणिक संस्थाओं में प्रवेश हेतु भारत सरकार द्वारा प्रवर्तित आर्थिक कमजोर वर्ग (E.W.S) के लिए निर्धारित 10 प्रतिशत आरक्षण का लाभ प्राप्त करने हेतु भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप में आय एवं संपत्ति प्रमाण पत्र की आवश्यकता होने का लेखकर आय एवं संपत्ति प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने निवेदन किया गया है।

अत: उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई उजर दावा आपत्ति हो तो वह स्वंय या अपने किसी अभिभाषक के माध्यम से नियत तिथि 18.12.2025 के पूर्व प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त उजर दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 28.11.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा से जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**सरिया**

**न्यायालय तहसीलदार सरिया, जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र.बी-121/वर्ष 2024-25 ग्राम कोर्रा तहसील सरिया जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक विजय सिंह ठाकुर पिता स्व. अंगद सिंह निवासी कोर्रा तहसील सरिया जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ के द्वारा आवेदन पेश कर आवेदक अपने पुत्र सुरज सिंह के लिए केन्द्र सरकार के अंतर्गत लोक पदों एवं सेवाओं में नियुक्ति एवं शैक्षाणिक संस्थाओं में प्रवेश हेतु भारत सरकार द्वारा प्रवर्तित आर्थिक कमजोर वर्ग (E.W.S) के लिए निर्धारित 10 प्रतिशत आरक्षण का लाभ प्राप्त करने हेतु भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप में आय एवं संपत्ति प्रमाण पत्र की आवश्यकता होने का लेखकर आय एवं संपत्ति प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने निवेदन किया गया है।

अत: उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई उजर दावा आपत्ति हो तो वह स्वंय या अपने किसी अभिभाषक के माध्यम से नियत तिथि 18.12.2025 के पूर्व प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त उजर दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 28.11.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा से जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**सरिया**

**न्यायालय तहसीलदार घरघोड़ा जिला रायगढ़ (छ.ग.)**
राजस्व प्रकरण क्र/202511040600087 /ब-121/2025-26 ग्राम फगुरम तहसील घरघोड़ा जिला रायगढ़ (छ.ग.)

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रंजीत राठिया पिता बुटूराम राठिया जाति कंवर निवासी फगुरम तह. घरघोड़ा जिला रायगढ़ (छ.ग.) द्वारा अपने दादाजी स्व. बैगा राम राठिया जिनकी मृत्यु दिनांक 05.02.2023 को हुई है, मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने हेतु आवेदन पत्र मय शपथ पत्र, पंचनामा, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, चालान, आधार कार्ड की प्रति प्रस्तुत किया गया है। जिसकी सुनवाई दिनांक 19.12.2025 को नियत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो, तो वे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत दिनांक को इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 04.12.2025 को हस्ताक्षरित एवं न्यायालय की मुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

**तहसीलदार घरघोड़ा**
**जिला रायगढ़ (छ.ग.)**

## खबर संक्षेप

### क्षितिज योजना के तहत प्रोत्साहन राशि जारी



**रायगढ़।** क्षितिज अपार संभावनाएं अंतर्गत दृष्टिबाधित कुमारी राजेश्वरी भास्कर को 6 हजार की प्रोत्साहन राशि स्वीकृत की गई है। जनपद पंचायत पुसौर ग्राम तडोला निवासी कुमारी राजेश्वरी भास्कर, जो 40 प्रतिशत दृष्टिबाधित हैं और किरोड़ीमल शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय रायगढ़ में एमए प्रथम सेमेस्टर की नियमित छात्रा हैं। समाज कल्याण विभाग के उप संचालक ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित क्षितिज अपार संभावनाएं योजना के तहत उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे निःशक्त विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आर्थिक सहयोग प्रदान किया जाता है।

### फर्जी प्रोफाइल बनाकर छात्रा को भगाया

**राउरकेला।** गोपबंधुपल्ली निवासी सोहेल खान नामक युवक द्वारा एक 17 वर्षीय छात्रा को बहला कर भगा ले जाने का मामला सामने आया है। घटना को लेकर पीड़ित परिवार स्थानीय भाजपा नेताओं और बजरंग दल सदस्यों में आक्रोश व्याप्त है, जबकि शुरू में पुलिस पर कार्रवाई को हल्के में लेने के आरोप लग रहे हैं। बाद में पुलिस ने धमकी व अपहरण का मुकदमा दर्ज कर पड़ताल तेज कर दी है, लेकिन 24 घंटे बाद भी छात्रा का सुराग नही मिलने से तनाव व आक्रोश गहराता जा रहा है। परिजनों के अनुसारए छात्रा को भगाने से पहले आरोपी सोहेल ने घरवालों में से एक सदस्य को फोन कर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी थी। परिवार इस धमकी और कॉल से डरकर 2 दिसंबर की रात छात्रा और उसकी मां थाना पहुंचे, लेकिन उनका आरोप है कि पुलिस ने शिकायत को गंभीरता से नहीं लिया। परिवार का कहना है कि 3 दिसंबर की सुबह जब छात्रा घर से बाहर निकली, उसी समय उसे फिर भगाकर ले गया। घटना का सबसे चौंकाने वाला पहलू यह है कि आरोपी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर भक्त 302 नाम से फर्जी प्रोफाइल बना रखा था। परिजनों के अनुसार संभवतः इसी प्रोफाइल के जरिए छात्रा से उसकी बातचीत शुरू हुई और धीरे.धीरे उसने अपने मंसूबों को अंजाम दिया।

### नालंदा के 90 वर्षीय बुज़ुर्ग घर सकुशल बरामदगी



**राउरकेला।** नालंदा के हिसुआ निवासी 90 वर्षीय कामेश्वर प्रसाद तीन दिनों से लापता होकर राउरकेला शहर की गलियों में भटकते मिले। जानकारी मिलते ही ओडिशा क्राइम कंट्रोल फाउंडेशन सीसी एफ के अध्यक्ष शाकिर रज़ा ने तत्काल पुलिस प्रशासन को सूचित किया, जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और बुज़ुर्ग को सुरक्षित अपने संरक्षण में लिया।

### वाटर एटीएम खराब, साफ पानी के लिए तरस रहे लोग

**पुसौर।** कुछ साल पहले नगर पंचायत पुसौर द्वारा नगर वासियों को स्वच्छ जल मुहैया कराने वाटर एटीएम की स्थापना की गई थी जिसमें बाजार चौक से लेकर बोरोडिपा तक के लोग लाइन लगाकर पानी लिया करते थे। उक्त व्यवस्था विवाद का ऐसा शिकार हो गया कि आज उसके सारे कलपुर्जे खराब हो चुके हैं और यहां के लोग साफ पानी के लिए यहां वहां भटक रहे हैं। आज जनहित में निजी तौर पर व्यवस्था किये हुए लोगों के इर्दगिर्द साफ पानी के लिए उन्हें इधर उधर जाना पड रहा है। अभी चर्चा का विषय यह बना हुआ है कि नगर पंचायत चुनाव के समय जनता को साफ पानी सफाई के साथ साथ कई तरह के कल्याणकारी योजना का लाभ दिलाने की घोषणा की गई थी। जिसमें साफ पानी की व्यवस्था नहीं हो पाई है।

## निगम कमिश्नर ने ली समय-सीमा की बैठक, 42 बिंदुओं पर हुई विस्तृत चर्चा

# आवेदनों का करें समय पर निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



निगम आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय ने शुक्रवार को बैठक ली। इस दौरान उन्होंने विभागवार लंबित प्रकरणों, जन आवेदनों तथा विभिन्न योजनाओं की प्रगति से संबंधित 42 महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा करते हुए समीक्षा की गई। बैठक में सबसे पहले पीजीएनएन, मुख्यमंत्री जन.दर्शन तथा कलेक्टर जन.दर्शन से संबंधित आवेदनों पर चर्चा हुई। इस दौरान कमिश्नर ने एक-एक आवेदनों पर किए गए कार्रवाई की जानकारी ली और 100 से ज्यादा आवेदनों पर चर्चा की गई। इस दौरान उन्होंने समय पर आवेदनों के निराकरण नहीं होने की स्थिति पर सख्त कार्रवाई करने की चेतावनी विभाग प्रमुख अधिकारियों को दी। उन्होंने कहा कि पीजीएनएनए मुख्यमंत्री जन.दर्शन तथा कलेक्टर जन.दर्शन में शहर के आम नागरिक अपनी फरियाद लेकर पहुंचते हैं। इसमें जो नगर निगम से संबंधित आवेदन होते हैं ऐसे आवेदनों पर कार्रवाई करते हुए निराकरण करने की जिम्मेदारी संबंधित विभाग प्रमुख की है। समय पर आम नागरिकों के आवेदनों पर कार्रवाई होने अथवा निराकरण होने पर उनका विश्वास निगम के कार्यप्रणाली पर भी बनता है और कार्यों में विश्वसनीयता एवं पारदर्शिता दिखती है। इसलिए सभी विभाग प्रमुख अधिकारियों की जिम्मेदारी आम नागरिकों के आवेदनों को समय पर निराकरण करने की है। इस दौरान उन्होंने जन.अवेदनों का समय पर निराकरण सर्वोच्च प्राथमिकता देने प्रत्येक आवेदन की स्थिति पोर्टल में अपडेट करनेए बिना उचित कारण के कोई भी आवेदन लंबित नहीं रखने, गंभीर एवं संवेदनशील प्रकरणों में फील्ड निरीक्षण कर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश सभी विभाग प्रमुख अधिकारियों को दिए।

### समय पर जवाबदेही तय करें

कमिश्नर श्री क्षत्रिय ने बैठक में कहा कि जन.शिकायतों के समाधान में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने जल प्रदाय, राजस्व, स्वच्छता, यांत्रिकी, बिजली, निर्माण एवं सफाई शाखा को प्रतिदिवस एवं साप्ताहिक प्रगति रिपोर्ट अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करने आवेदक से सीधे संपर्क कर समाधान की जानकारी देने जटिल मामलों में आवश्यक होने पर संयुक्त निरीक्षण करने वो समस्याओं के समाधान में बिना देरी कार्रवाई सुनिश्चित करने निर्देशित किया।



## पंजीकृत गोदाम में डंप था 560 कट्टा अवैध धान, टीम ने दबिश देकर किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरसिया

खरसिया एसडीएम प्रवीण तिवारी के नेतृत्व में राजस्व विभाग और मंडी विभाग की संयुक्त टीम ने ग्राम गोडबोरदी स्थित बीज निगम के पंजीकृत गोदाम में अचानक दबिश दी।

टीम जैसे ही गोदाम के भीतर पहुंची वहां भरा पड़ा धान देखकर सभी चौंक गए। भौतिक सत्यापन के दौरान कुल 560 कट्टा यानी लगभग 224 क्विंटल अवैध धान पाया गया। इस धान के लिए कोई भी एंट्री, रजिस्टर, बिल या वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। इतना बड़ा स्टॉक बिना कागजों के मिलना गंभीर अनियमितता साबित हुआ। इस आधार पर मंडी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। अधिकारियों ने बताया कि गोदाम संचालक से पूछे गए किसी भी सवाल का संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। न खरीदी से जुड़ा कोई रिकॉर्ड न परिवहन से संबंधित विवरण, न किसी तरह का कोई बिल मिला। टीम ने कहा कि यह अवैध भंडारण का मामला है।

## पहले दिया न्यौता, जब खाने की बारी आई तो बोले किसने दिया आमंत्रण, लाइन से भी कर दिया बाहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस खेल भांठा मैदान में समाज कल्याण विभाग द्वारा खेल-कूद और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के बरमकेला से बिलाईगढ़ सुदूर अंचल के दिव्यांग विद्यार्थी जिला के कार्यक्रम में पहुंचे हुए थे। अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर विविध कार्यक्रम का आयोजन रखा गया था। इस कार्यकम में सारंगढ़ नगर के विशेष स्कूल प्रांजल के विद्यार्थी भी विशेष भागीदारी निभाए और अपनी उत्कृष्टता का परिचय दिए। उनके द्वारा नृत्य प्रस्तुति में खूब ताली बजी और सराहना हुई। वही उस वक्त उनके साथ दुर्व्यवहार हुआ जब उन्हें भोजन के लिए टोकन देना भी मुनासिब नहीं समझा गया। जिले में बैठे अफसर बस तमाशा देखते रहे। इस दुर्व्यवहार की शिकायत विशेष स्कूल के संचालिका ने कलेक्टर से की है। उन्होंने बच्चों की दर्द को व्यक्त करते हुए शिकायत किया है। प्रांचल फाउंडेशन के प्रमुख ने शिकायत लिखा है कि सारंगढ़ खेल मैदान में जिला प्रशासन समाज कल्याण विभाग एवं शिक्षा विभाग द्वारा अंतराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस मनाया गया। कलेक्टर के उपस्थिति में कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में संस्था के बच्चों की प्रस्तुति एवं खेल-कूद में भाग लेने के लिए 01 दिसंबर को शिक्षा विभाग के कार्यक्रम प्रभारी नोडल फकीरा, बीआरपी सारंगढ़ श्री सतपती एवं बीआरसी सारंगढ़ नीलम लकड़ा द्वारा मौखिक रुप से कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया था। प्रतिभागियों की जानकारी भी विशेष शिक्षक खीरमती पटेल को दिया गया था। कार्यक्रम में भोजन की व्यवस्था भी थी। जिसमें बच्चों द्वारा अपना कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया एवं खेलकूद में भाग भी लिया गया था। जिसमें हमारे बच्चों ने प्रथम, द्वितीय स्थान भी प्राप्त किए। 35 बच्चे कार्यक्रम में शामिल हुए थे, उन्हे भोजन के लिए टोकन नहीं दिया गया व भोजन की लाईन से वापस किया गया। अन्य स्कूलों के बच्चों एवं शिक्षकों को भोजन के लिए टोकन भी दिया गया व भोजन भी कराया गया, लेकिन कार्यक्रम संचालन के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा कहा गया की प्राईवेट स्कूलों को नहीं बुलाए हैं, तूम लोगों को कौन बुलाया है। जबकी प्राईवेट उम्मीद दिव्यांग स्कूल बरमकेला भी आया था उन्हें टोकन देकर भोजन भी कराया गया है। जिला स्तरीय दिव्यांगजन दिवस कार्यक्रम में दिव्यांग बच्चों के साथ अन्याय हुआ है उन्हें भोजन हेतु टोकन नहीं दिया गया, बच्चे कार्यक्रम में साढ़े 10 से ढाई बजे तक तक भूखे प्यासे बैठे रहे, जिसमें कक्षा पहली की मुकबधिर छात्रा कु. नताशा निषाद भोजन की पंक्ति में खड़े-खड़े बेहोश होकर गिर गई। उसे तुरंत ओआरएस घोल पिलाया गया तथा दिव्यांग बच्चों को तत्काल संस्था में लाकर भोजन कराया गया।

## दिव्यांग छात्र-छात्राओं ने दिखाई अपनी प्रतिभा

**रायगढ़।** अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देश पर समाज कल्याण विभाग रायगढ़ द्वारा दिव्यांगजनों की प्रतिभा को प्रोत्साहित एवं सम्मानित करने हेतु दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य दिव्यांग बच्चों की खेल, कला और सांस्कृतिक प्रतिभा को मंच प्रदान करना था। 2 दिसम्बर को डिग्री कॉलेज के लाल मैदान में प्रातः 9 बजे से दिव्यांग छात्र-छात्राओं की विभिन्न खेल . कूद प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। रायगढ़ जिले के उन्नायक सेवा समिति एडल्ट्स उम्मीद घरौंदा कौहाकुण्डा, उम्मीद विशेष विद्यालय कौहाकुण्डा, नंदा सरकुलेशन संस्थान अंध.मूक एवं श्रवण बाधितार्थ बड़गांव, जय बुढ़ी माई समाज सेवी संस्था कोसमनारा सहित सातों विकासखंडों के समग्र शिक्षा के दिव्यांग छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिताओं का शुभारंभ सीईओ जिला पंचायत अभिजीत बबन पठारे ने हरी झंडी दिखाकर किया। खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रथमए द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसी तरह 3 दिसम्बर को पॉलिटेक्निक ऑडिटोरियम रायगढ़ में दिव्यांग छात्र-छात्राओं द्वारा गीत.संगीत, एकांकी नाटक, नृत्य, गायन एवं वादन की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गईं। बच्चों की प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनों को भावविभोर कर दिया। पॉलिटेक्निक कॉलेज के प्राचार्य एवं प्रबंधन समिति ने आयोजन में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया। स्वास्थ्य विभाग की चिकित्सकीय टीम तथा जिला जेल कर्मचारी श्रीमती अंजू जोशी एवं उनकी टीम ने कोच रेफरी और निर्णायक के रूप में सेवाएं दीं।



## चंद्रपुर में ग्रामीण स्तरीय क्रिकेट महोत्सव की तैयारी पूरी, 11 से होगा आगाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ चंद्रपुर

नगर पंचायत चंद्रपुर में खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देने और ग्रामीण खिलाड़ियों को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से इस वर्ष मां चंद्रहासिनी क्रिकेट कप 2025 का आयोजन किया जा रहा है। मां चंद्रहासिनी बहुउद्देशीय क्रिकेट समिति द्वारा आयोजित यह प्रतिष्ठित ग्रामीण स्तरीय टूर्नामेंट 11 दिसंबर से शुरू होकर विभिन्न रोमांचक मुकाबलों के साथ नगरवासियों में खेल उत्साह को नई ऊर्जा प्रदान करेगा।

आयोजन समिति के सचिव गौरी शंकर गुप्ता ने बताया कि टूर्नामेंट में पुरस्कार राशि को आकर्षक और प्रेरणादायक बनाते हुए प्रथम पुरस्कार के रूप में 51 हजार की राशि श्री गोपाल जी महाप्रभु एवं माँ चंद्रहासिनी देवी मंदिर न्यास की ओर से प्रदान की जाएगी। द्वितीय पुरस्कार 31 हजार स्वर्गीय विजय अग्रवाल पालू की स्मृति में प्रभुवालियां परिवार द्वारा दिया जाएगा। इसके अलावा मैन ऑफ द सीरीज के लिए 8100 की राशि स्वर्गीय लक्ष्मण प्रसाद गुप्ता गुरुजी की स्मृति में अंचल गुप्ता द्वारा प्रदान की जाएगी।

मा चंद्रहासिनी क्रिकेट समिति के उपाध्यक्ष संतोष उरांव ने कहा कि इस क्रिकेट कप का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण और अंचल के खिलाड़ियों को एक ऐसा मंच प्रदान करना है जहा वे अपने खेल कौशल को निखारकर उच्च स्तर पर पहचान हासिल कर सकें। समिति का मानना है कि ऐसे आयोजन न केवल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाते हैंए बल्कि युवाओं में खेल के प्रति उत्साह और अनुशासन की भावना भी जागृत करते हैं।

### पहली बार महिला क्रिकेट टीम की एंट्री

इस वर्ष का सबसे बड़ा आकर्षण महिला क्रिकेट टीम की पहली बार होने वाली भागीदारी है। महिला खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से महिला वर्ग में प्रतियोगिता 20 दिसंबर से शुरू होगी। महिला वर्ग में प्रथम पुरस्कार 10 हजार नगर पंचायत अध्यक्ष ओम प्रकाश देवांगन द्वारा प्रदान किया जाएगा। द्वितीय पुरस्कार 5 हजार स्वर्गीय गुरुलाल यादव की स्मृति में पिंटू यादव द्वारा दिए जाएंगे। श्मैन ऑफ द सीरीज महिला वर्ग के लिए 3100 की पुरस्कार राशि आरपी सेल्स के अमित पटेल मड़वा वाले द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी।





## एनएसएस के स्वयंसेवकों ने सीखे जीवन के गुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोसीर

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ने गांव कुम्हारी में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की सात दिवसीय विशेष शिवर का आयोजन किया गया। इसमें 60 से अधिक राष्ट्रीय सेवा योजना के विद्यार्थी सात दिन तक गांव में साफ सफाई, नशा मुक्ति, व्यक्तिव विकास रैली के माध्यम से गांव में जागरूकता का संदेश देते हुए लोगों को जागरूक किए। वहीं इन सात दिनों में वे जीवन जीने के गुर सीखे।

शासकीय उच्चतर माध्यम विद्यालय के व्याख्याता और अन्य स्कूल के व्याख्याता भी शिविर में जाकर शिविर में विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किए। उन्हें विद्यार्थी का बोध कराए जीवन जीने की शैली सिखाए उनके भविष्य से जुड़ी बातें और शिक्षा के महत्व के साथ नशा मुक्ति थीम पर गांव में जागरूकता का संदेश देकर उन्मुखी विकास पर जोर दिया गया। विद्यार्थियों से रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपने अंदर की छुपी प्रतिभा को मंच में प्रस्तुत किया। समाज को एक सूत्र में बांधने का संदेश दिए। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी राजकुमार जांगड़े ने इस शिविर में पूरे सात दिवस तक विभिन्न कार्यक्रमों को विशेष बनाने के लिए अपनी महती भूमिका निभाए। संस्था के प्रमुख प्राचार्य एसपी भारती के मार्गदर्शन में शिविर का आयोजन हुआ।

## दीनदयाल जयंती सम्मेलन में शिक्षिका हेमलता को मिला अंतरराष्ट्रीय सम्मान

**चंद्रपुर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 110वीं जयंती पर विश्व हिंदी परिषद द्वारा विज्ञान भवन दिल्ली में आयोजित दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 21 व 22 नवंबर को हुआ। सम्मेलन का मुख्य विषय राष्ट्रीयता और मानवता के प्रति पंडित दीनदयाल उपाध्याय रहा। सम्मेलन में सक्ति जिले के चंद्रपुर काशीडीह स्थित शासकीय जनपद प्राथमिक शाला सिरौली की सहायक शिक्षिका हेमलता पटेल का शोध.पत्र केंद्र में रहा।



उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय और उनका राष्ट्र चिंतन विषय पर प्रभावी प्रस्तुति दी, जिसे विद्वतजनों की विशेष सराहना प्राप्त हुई। समापन सत्र में उन्हें शाल, श्रीफल, प्रशस्ति.पत्र और स्मृति.चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया, जिससे आयोजन में छत्तीसगढ़ का गौरव और बढ़ गया। देश-विदेश से आए विद्वानों ने उपाध्याय के विचारों, एकात्म मानववाद और भारतीय राष्ट्रभावना पर विस्तृत मंथन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद्मश्री एवं पद्मभूषण आचार्य यार्लगड्डा लक्ष्मी प्रसाद ने की। उन्होंने कहा कि हिंदी किसी पर थोपने की भाषा नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति की सुगंध है, जिसे सम्मानपूर्वक धारण किया जाता है। सम्मेलन के संयोजक एवं दिल्ली विश्वविद्यालय के हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. रामनारायण पटेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि एकात्म मानववाद का स्मरण आत्म.जागृति का मार्ग है। उन्होंने बताया कि देशभर में हीरक जयंती वर्ष के कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं, किंतु विज्ञान भवन में हुआ यह सम्मेलन व्यापक भागीदारी और सारगर्भित विमर्श के कारण विशेष महत्व रखता है। इस दौरान विभिन्न प्रांतों और विदेशों से आए प्रतिभागियों ने भी अपने शोध.पत्र प्रस्तुत किए।

## राउरकेला-भुवनेश्वर बंद पड़ी उड़ान सेवा शुरू, 72 की जगह केवल 9 सीटर विमान





हरिभूमि न्यूज ⏭ राउरकेला

चार महीने से ठप पड़ी राउरकेला भुवनेश्वर हवाई सेवा पांच दिसंबर से एक बार फिर शुरू हो गई है। इंडिया वन एयर ने इस रूट पर संचालन बहाल करते हुए दोपहर 12 बजे भुवनेश्वर से उड़ान भरी। जो 12: 30 बजे राउरकेला एयरपोर्ट से राजधानी के लिए रवाना हुई, लेकिन दोबारा विमान सेवा शुरू होने के साथ साथ एक बड़ा बदलाव भी सामने आया है, पहले जहां 7 सीटर एटीआर 72 विमान इस रूट पर संचालित हो रहे थे, वहीं अब केवल 9 सीटर छोटे विमान से उड़ान सेवा शुरू की गई है। एयरलाइन के अनुसार यह सेवा सप्ताह में छह दिन उपलब्ध रहेगी, गुरुवार को उड़ान बंद रहेगी। राउरकेला न सिर्फ भारत के पहले सार्वजनिक क्षेत्र के उद्योग, राउरकेला इस्पात संयंत्र का शहर है, बल्कि यहां एनआईटी, बीपीयूटी, विश्व का सबसे बड़ा बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम, अनेक फैक्ट्रियाँ, उद्योग, खदानें और कोल माइंस स्थित हैं। औद्योगिक एवं शैक्षणिक गतिविधियों का केंद्र होने के कारण यहा आवागमन की भारी मांग रहती है। पहले बड़े विमानों के संचालन से यात्रियों को पर्याप्त सीटें मिल जाती थीं, लेकिन अब 9.सीटर विमान शुरू होने से लोगों में यह आशंका गहरा रही है कि सीमित क्षमता वाली यह सेवा रोज़मर्रा की जरूरतों को पूरा नहीं कर सकेगी। कई स्थानीय उद्योगों और संस्थानों के प्रतिनिधि भी बड़े विमान की वापसी की मांग उठा रहे हैं।





## ट्रेलर ने खड़ी कार को मारी ठोकर

**कुड़ेकेला।** कुछ स्थानों पर अभी सड़कों की स्थिति बहुत खराब है उस पर अब भी ड्राइवर की लापरवाही और उपेक्षा के कारण बड़ी दुर्घटनाएं प्रकाश में आ रही हैं। इसी कड़ी में 4 दिसंबर की रात करीब 2:30 कोरबा से कोयला लोड कर छाल की ओर जा रही ट्रेलर क्रमांक सीजी 11 पीएल 1181 जिसका ड्राइवर अत्यधिक नशे की हालत में था। काफी तेज गति से वाहन चलाते हुए ग्राम कुड़ेकेला में अमित अग्रवाल पिता महावीर अग्रवाल के घर के सामने खड़ी कार को ठोकर मारते हुए आगे बढ़ गया और आगे जाकर नाली में धंस गया। शुक्र है की रात का समय होने के कारण वहां कोई था नहीं, इसलिए कोई जनहानि नहीं हुई यद्यपि इस घटना में कार का अच्छा खासा नुकसान हुआ है। इस घटना की सूचना 112 पर देने पर पुलिस आई और फिलहाल ड्राइवर को पकड़ कर थाने ले गई।

## ओडिशा के संत ब्रह्मचारी मानभंजन कर रहे शिव महिमा का वर्णन

# पंचधार में सत्संग का आयोजन, वार्षिक उत्सव में उमड़े श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया



आस्था और विश्वास का केंद्र श्री श्री महाकालेश्वर शिव मंदिर पंचधार में सत्संग आयोजन के वार्षिक उत्सव में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमडे और श्रद्धा भक्ति विश्वास के साथ मंदिर में पूजा अर्चना के बाद भागवत कथा का श्रवण कर पुण्य कमाया । सरिया से लगे ग्राम पंचधार में विगत एक वर्ष से सत्संग एवं प्रवचन का आयोजन श्री श्री महाकालेश्वर शिव मंदिर पंचधार के द्वारा किया जा रहा है। गुरुवार को सत्संग प्रवचन का वार्षिक उत्सव बहुत ही धूमधाम एवं उल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें सरहदी प्रांत उड़ीसा के संत ब्रह्मचारी मानभंजन के द्वारा भगवान शिव की महिमा का वर्णन करते हुए भागवत कथा का अमृत पान कराया। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत गीता एक अद्भुत अनुपम और पवित्र ग्रंथ है। इसके माध्यम से मनुष्य के जीवन की सभी जिज्ञासाओं और प्रश्नों का समाधान मिल जाता है। गीता का ज्ञान ही संपूर्ण सृष्टि की चेतना और ज्ञान का मूल आधार है। उन्होंने कहा कि गीता के माध्यम से व्यक्ति स्वयं को जान सकता है और ईश्वरीय सत्ता का अनुभव भी कर सकता है। श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए संत ब्रह्मचारी मान भंजन ने कहा कि कर्तव्य का पालन करें। लेकिन फल की इच्छा ना रखें। यही मार्ग मोक्ष और परम शांति की ओर ले जाता है। इस दौरान आयोजक समिति ने प्रति माह के सत्संग प्रवचन में भंडारा प्रसाद देने वाले श्रद्धालुओं को फूल माला वस्त्र एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। समिति के पदाधिकारी नरेश पटेल ने कहा कि आज के दिन हमारा सत्संग एवं प्रवचन का एक वर्ष पूर्ण हुआ है और इसी एक वर्ष पूर्ण होने में हम लोग सब मिलकर इसका वार्षिक उत्सव मना रहे हैं। आने वाले दिनों में भी हमारे यहां मंदिर प्रांगण में यह धार्मिक अनुष्ठान अनवरत जारी रहेगा तथा दिव्य साधु संतों व महात्माओं की दिव्य वाणी से श्रद्धालु भागवत कथा का अमृत पान करेंगे। अंत में महा भंडारे में सभी श्रद्धालुओं ने भोग प्रसाद ग्रहण कर घर की ओर प्रस्थान किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में नरेश पटेल, नारायण प्रसाद सिदार, विराट पात्रे, निर्मल प्रधान, हेमानंद प्रधान, गदाधर महाराज, हेमानंद मिश्रा, संतोष पाणिग्रही, राय दास बैरागी, राधेश्याम बारिक आदि लोगों का सहयोग सराहनीय रहा।





Saraiya
ACHANAKMAAR FOREST RESORT
A PREMIUM ESCAPE IN THE HEART OF THE FOREST
10 ACRES OF PURE NATURE, LUXURY & PEACE
• SPACIOUS SUITE ROOM
• ELEGANT DELUXE ROOMS
• TREE HOUSES
• RESTAURANT & OUTDOOR DINING SPACES
• EVENT LAWN & GATHERING AREA
• INFINITY SWIMMING POOL
• KITTY PARTY HALL
• ADVENTURE PLAY AREA
• INDOOR PLAY AREA
• BONFIRE AREAS
• FREE WI-FI & ROOM SERVICE
• AMPLE PARKING SPACE
OPEN NOW
ACHANAKMAAR
Contact Us
+91 96942-65000
+91 96491-65000
Visit Us
VILLAGE SHIVTARAI, KOTA, BILASPUR (CG)